सं.11011/04/2024-रा.भा. (अनु.)
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-॥ भवन, चौथा तल
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 29 अगस्त, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में गठित की जाने वाली हिंदी सलाहकार समितियों में राजभाषा विभाग द्वारा नामांकन के प्रयोजन हेतु तैयार की जाने वाली विद्वानों की सूची।

भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में गठित की जाने वाली हिंदी सलाहकार समितियों में राजभाषा विभाग द्वारा नामांकन के प्रयोजन हेतु विद्वानों की सूची तैयार की जाती है।

2. विद्वानों की उपरोक्त सूची में नाम शामिल करने हेतु निम्नलिखित अपेक्षाएं हैं:-

(i) न्यूनतम शैक्षणिक स्तर 'स्नातकोत्तर' अथवा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष डिग्री (हिंदी/संस्कृत किसी एक विषय में अनिवार्य) हो ।

एवं

हिंदी लेखन/अनुवाद/अध्यापन/शोध/समाचार-पत्रों अथवा पत्रिकाओं के संपादन का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो ।

अथवा

केंद्र सरकार के कार्यालयों/सरकारी क्षेत्र के बैंकों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संगठनों के राजभाषा विभाग/राजभाषा सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्हें राजभाषा के कार्यान्वयन का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो।

(ii) आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदक की न्यूनतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए।

(iii) शैक्षणिक योग्यता एवं उपर्युक्त अनुभव का स्व-प्रमाणित प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए।

राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित संलग्न प्रोफार्मा में इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति अपना जीवन-वृत्त एवं विशेष योग्यताओं का ब्यौरा भरकर 15 अक्तूबर, 2024 तक राजभाषा विभाग को ई-मेल: **jsol@nic.in** करें अथवा संयुक्त सचिव (राजभाषा), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-॥ भवन, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001 के पते पर डाक द्वारा अपना आवेदन भेजें ।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (अनुसंधान)
दूरभाष: 23438129

सेवा में,

1. संयुक्त सचिव (प्रशासन), भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस जानकारी को अपने सभी संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों के संज्ञान में भी लाएं ।
2. एनआईसी, राजभाषा विभाग । कृपया संलग्न कार्यालय ज्ञापन एवं प्रोफार्मा को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें ।

<u>प्रोफॉर्मा (जीवनवृत्त एवं अनुभव)</u>

स्व प्रमाणित फोटो

1	नाम	
2	जन्मतिथि	
3	आवेदन की अंतिम तिथि को आयु	
4	वर्तमान पता	
5	दूरभाष/मोबाइल नंबर	दूरभाष: मोबाइल:
6.	आधार कार्ड नंबर	
7	ई-मेल	
8	पत्राचार का पता पिनकोड सहित	
9.	स्थायी पता पिनकोड सहित	

10. शैक्षणिक योग्यता..

(क)	स्नातकोत्तर (हिंदी/संस्कृत)	हां	नहीं
(ख)	उच्च शिक्षा (यदि हां तो विवरण)	हां	नहीं

11. अनुभव: जो श्रेणी लागू है उसके आगे के कॉलम में (✓) का चिह्न लगाएं।

(क) हिंदी लेखन/अनुवाद/अध्यापन/शोध/समाचार पत्रों अथवा पत्रिकाओं के संपादन का न्यूनतम 5(पाँच) वर्ष का अनुभव [ ]

(ख) केंद्र सरकार के कार्यालयों/सरकारी क्षेत्र के बैंकों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संगठनों के राजभाषा विभाग/राजभाषा सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्हें राजभाषा के कार्यान्वयन का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव [ ]

(ग) हिंदी के कार्य का विशेष अनुभव/योगदान अथवा इस क्षेत्र में कोई 'असाधारण कार्य'। [ ]

क्र.सं.	अनुभव/योग्यता

घोषणा: मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूं की ऊपर दी गई जानकारी पूर्णत: सत्य है।

(शैक्षणिक योग्यता के तहत विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रमाण पत्र/उपाधि पत्र के साथ अंक प्रमाण पत्र तथा ऊपर कॉलम 11 (क), (ख) और (ग) में उल्लिखित अनुभव का प्रमाण पत्र इस आवेदन के साथ स्व-प्रमाणित करके अनिवार्य रूप से संलग्न करें।)

स्थान...

हस्ताक्षर: ....